29.10.2021

प्रेस प्रकाशनी

# CBSE, UNICEF और YuWaah द्वारा युवाओं में 21वीं सदी के जीवन कौशल को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की गई।

**CBSE, UNICEF** और **YuWaah** ने **#YoungWarriorNXT** और **YuWaah** कौशल पहल के माध्यम से भारत में **21**वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की है। सीबीएसई पूरे भारत में अपने स्कूलों में चैटबॉट-आधारित अधिगम उपकरण के माध्यम से, छात्रों में रोजगार और जीवन कौशल विकसित करने के लिए इस अनूठी पहल **#YoungWarriorNXT** के लिए अपना सहयोग दे रहा है।

इस समग्र कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करना और आकार देना है और भारत में बड़े पैमाने पर जीवन कौशल प्रदान करना है। रोजगार कौशल और मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थता कौशल के साथ-साथ स्व-जागरूकता, समस्या समाधान, संचार, सहयोग और उपलब्धि–अभिविन्यास जैसे आवश्यक जीवन कौशल सीखने की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नॉ-टेक, लो-टेक और हाई-टेक आधारित डिलीवरी मॉडलों से अनेक चैनलों का उपयोग किया गया है।

चैटबॉट-आधारित अधिगम समाधान, #YoungWarriorNXT चैटबॉट, युवाओं तक पहुंचने के लिए व्हाट्सएप, फेसबुक मैसेंजर और टेलीग्राम के मौजूदा प्लेटफॉर्म का लाभ उठा रहा है। होस्ट की गई अधिगम गतिविधियाँ कार्य-आधारित, सरलीकृत इंटरैक्शन हैं जो शिक्षार्थियों को मार्गदर्शन और वास्तविक दुनिया की जानकारी देते हुए कार्यों (tasks) को पूरा करने के लिए चुनौती देती हैं। चूँकि 21वीं सदी के कौशल केवल किताबों के माध्यम से नहीं सीखे जा सकते, इसलिए इन कौशलों के निर्माण के लिए 'करना (doi ng)' एक अनिवार्य हिस्सा है। कार्यों को पूरा करने वाले प्रतिभागियों को **CBSE, UNICEF** और **YuWaah** द्वारा संयुक्त रूप से (कार्य) पूरा करने का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

सीबीएसई आगामी **YuWaah** स्किल्स पहल पर **YuWaah** के साथ भी साझेदारी करेगा, जिसका उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता, रोजगार और सामाजिक प्रभाव की तरफ कौशल संवर्धन करके उन्हें अवसरों से जोड़ना है। स्किलिंग और क्षमता निर्माण पहल को लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सुगम बनाया जाएगा, और इसका उद्देश्य युवाओं (15-29 वर्ष) को निशुल्क, रोजगरपरक कौशल प्रदान करना और उन्हें नौकरी के अवसरों के लिए तैयार करना है। इसे मिश्रित अधिगम अवसरों और अलग-अलग प्रोत्साहन योजनाओं के साथ जोड़ा जाता है ताकि शिक्षार्थियों को डिजिटल कोर्स लेने और पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इस साझेदारी का उद्देश्य 5 मिलियन युवाओं को आवश्यक रोजगार और जीवन कौशल से सशक्त करना है।

यूनिसेफ, **YuWaah** के साथ यह साझेदारी युवाओं के लिए एक सीखने का अनूठा अनुभव प्रदान करने वाली है। #YoungWarriorNXT और YuWaah स्किल्स दोनों पहलों का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता, रोजगार और सामाजिक प्रभाव की तरफ अवसरों से जोड़ना है। ये पहल युवा लोगों को शामिल करेगीं और विकासोन्मुख सोच को प्रोत्साहित करेगी, जिससे युवाओं को अपने भावी करियर के साथ-साथ अपने निजी जीवन के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी। मैं सभी छात्रों को YWNXT चैटबॉट पर पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित करना चाहता हूं, ताकि वे

अपनी गति से और सुविधाजनक तरीके से अपने घर से जीवन कौशल विकसित करने के लिए इसका लाभ उठा सकें।" **डॉ. बिस्वजीत साहा, निदेशक, प्रशिक्षण एवं कौशल शिक्षा सीबीएसई।**

**यूनिसेफ जेनरेशन अनलिमिटेड के सीईओ डॉ केविन फ्रे के अनुसार,** "जब दुनिया और डिजिटल होती जा रही है, जहां भविष्य में नौकरियां हैं, 21 वीं सदी के लिए जीवन कौशल और सामाजिक-भावनात्मक अधिगम को शामिल करने के लिए हमारे शैक्षणिक पाठ्यक्रम में विस्तार करने की बहुत आवश्यकता है। रोजगार योग्यता और रोजगार के अंतर को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना आगे का रास्ता है। यदि हम डिजिटल विभाजन और पहुंच को प्रभावी ढंग से पाट सकते हैं, तो युवाओं के हाथ में असीमित शिक्षण संसाधन आ सकते हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सबसे हाशिए के भौगोलिक क्षेत्रों और समुदायों में युवाओं को शिक्षा/ कौशल दे सकते हैं। शिक्षा और कौशल तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण करना वास्तव में परिवर्तनकारी हो सकता है।

**श्री धुवरखा श्रीराम**, **चीफ**, **जेनरेशन अनलिमिटेड** (YuWaah), **यूथ डेवलपमेंट एंड पार्टनरशिप**, **यूनिसेफ** के शब्दों में ''युवा और जेनरेशन अनलिमिटेड में हम मानते हैं कि अगर हम अपने युवाओं को नजरिए और कौशल के अवसरों तक पहुंच प्रदान करते हैं, तो हम उनके लिए एक उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोल सकते हैं। यही कारण है कि हमने यह पहल की है और युवाओं की जिज्ञासा, आकांक्षाओं और नवाचारों को पोषित करने के लिए भागीदारी बनी है। हम प्रत्येक युवा को उनकी अधिकतम क्षमता तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाने के सीबीएसई के साझा दृष्टिकोण के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं।

**#YoungWarriorNXT** का हिस्सा बनने के लिए युवा व्हाट्सएप पर +91 9650414141 पर **'YWNXT'** भेजकर रजिस्टर कर सकते हैं या फेसबुक मैसेंजर पर **'YWNXT'** भेजकर **UNICEF U-Report India** पर जुड़ सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए **www.yuwaah.org/youngwarrior** देखा जा सकता है।

**टीम सीबीएसई**